निषिद्ध सोना, दस हजार रुपये के करेंसी नोट, 130 घड़िया तथा अन्य कीमती सामान पकड़ा गया था तथा इस सम्बन्ध में एक तस्कर व्यापारी मारा गया था;

(ख) यदि हा, तो यह सामान कहा से लाया गया था,

(ग) कुल कितने मूल्य का सामान बरामद किया गया था तथा क्या उसे सरकार के पास जमा करा दिया गया है, और

(घ) सरकार ने इस बारे में क्या कार्यवाही की है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) से (घ) 31 मार्च 1967 को एक व्यक्ति, जो बस द्वारा सागर आया था, बस से उतरते समय एकाएक गिर गया और मर गया । स्थानीय पुलिस ने मृतक व्यक्ति के पास से विदेशी मार्का का 200 तोला सोना, लगभग 19,000 रु० मूल्य की 131 घड़िया और 10,108 98 रुपये की भारतीय मुद्रा बरामद की। सोने का अन्तर्राष्ट्रीय दर पर मूल्य 19,684 रुपये है। पकड़ी गई वस्तुओं को सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट, सागर के आदेशो के अधीन सीमा शुल्क अधिकारियों ने 4 अप्रैल 1967 को अपने कब्जे मे ले लिया ताकि सीमा शुल्क कानून के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सके। पकड़ी गई वस्तुए किस स्थान से लायी गई थी इसका अभी तक पता नही चला है। मामले की जाच-पड़ताल की जा रही है।

लूप फैक्टरी, कानपुर

2518. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) कानपुर की लूप फैक्टरी मे कितने कर्मचारी काम करते हैं;

(ख) लूप बनाने के लिये यदि कच्चे माल का अब तक आयात किया गया है तो कितना , और

(ग) इस फैक्टरी को सरकार ने किस तारीख से अपने अधिकार में ले लिया है अथवा लेने का विचार किया है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० श्रीपति चन्द्र शेखर) : (क) फैक्टरी मे, जो उत्तर प्रदेश सरकार का एक उपक्रम है, स्थायी रूप से 2 राजपत्रित अधिकारी है और 21 अराजपत्रित सदस्य है। इसके अतिरिक्त इसमे 139 कर्मचारी दैनिक मजदूरी पर नियुक्त है।

(ख) फैक्टरी ने अपने लिये कोई भी कच्चा माल आयात नही किया है । यह फैक्टरी कुछ आयात किया हुआ कच्चा माल भारत की कुछ फर्मों से खरीदती रही है। भारत सरकार के जरिये , जन परिषद् न्यूयार्क से, कुछ कच्चा माल उपहार-स्वरूप भी प्राप्त किया जा चुका है।

(ग) भारत सरकार का इस फैक्टरी को अपने अधिकार मे लेने का कोई विचार नही है। हिन्दुस्तान लेटेक्स लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम) द्वारा इसे अपने अधिकार मे लेने का प्रश्न विचाराधीन है।

पंजाब और महाराष्ट्र में विदेशी मुद्रा का तस्कर व्यापार

2519. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या वित्त मंत्री 6 अप्रैल, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 654 के उत्तर के सम्बन्ध मे यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या पंजाब और महाराष्ट्र मे पकड़े गये विदेशी मुद्रा के तस्कर व्यापारियो के विरुद्ध की जा रही जाच पूरी हो गई है ;